# सड़कों के रखरखाव पर जोर पीडब्ल्यूडी को 4,200 करोड़

## औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 250 करोड़ रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** अनुपूरक बजट में पीडब्ल्यूडी को 4200 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसमें से तीन हजार करोड़ रुपये सड़कों की मरम्मत पर खर्च होंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में पीडब्ल्यूडी के जरिये विकास कार्य कराने के लिए 250 करोड़ रुपये दिए गए हैं। अनुपूरक बजट में स्टेट हाईवे, प्रमुख जिला मार्गों व अन्य जिला मार्गों की विशेष मरम्मत के लिए 1500 करोड़ रुपये मिले हैं। ग्रामीण मार्गों की विशेष मरम्मत के लिए भी 1500 करोड़ रुपये दिए गए हैं। राज्य सड़क निधि के चालू कार्यों को पूरा करने के लिए 250 करोड़ और पुराने चालू कार्यों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण मद में भी 250 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

सड़क निर्माण

गन्ना विभाग की कुछ सड़कें हाल ही में पीडब्ल्यूडी को ट्रांसफर की गई हैं और उनकी सामान्य मरम्मत के लिए विभाग को 50 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में सेतुओं के निर्माण के लिए 52 करोड़ रुपये और प्रमुख जिला व अन्य जिला मार्गों के नए कामों के लिए 106 करोड़ रुपये दिए गए हैं।



## अयोध्या सहित कई जिलों में राज्य कर भवनों में ट्रांजिट हास्टल बनेंगे

**लखनऊ।** राज्य कर के नए भवनों के लिए बजट में प्रतीकात्मक व्यवस्था की गई है। पूरी धनराशि सब्सिडी में होने वाली बचत से पूरी की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर वाणिज्य कर अधिकरण के अधिकारियों के पुनरीक्षित वेतन के लिए 3.52 करोड़ की व्यवस्था की है।

- अयोध्या में राज्यकर भवन के ट्रांजिट हास्टल निर्माण के लिए एक लाख की सांकेतिक व्यवस्था
- श्रावस्ती में राज्य कर के आवासीय निर्माण के लिए एक लाख की सांकेतिक व्यवस्था
- बाराबंकी राज्यकर परिसर में ट्रांजिट हास्टल के लिए एक लाख की सांकेतिक व्यवस्था
- हरदोई में राज्य कर कार्यालय परिसर में आवास के निर्माण के लिए एक लाख की सांकेतिक व्यवस्था